हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

06 दो कार्यकाल से एक ही परिवार के हाथों में सरपंची...



07 बजट सहित कई बिन्दुओं को लेकर कांग्रेसियों...





### सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली कटौती की सूचना, शाम 4 बजे आई बिजली

# बिजली कंपनी की मनमानी से भड़के मंडीवासी, 9 घंटे के इंतजार के बाद फूटा सब्र, चक्काजाम होते ही आई बिजली

### गुस्साए लोग मंडी चौराहा पहुंचे, किया चक्काजाम, आनन फानन में आई बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के मंडी क्षेत्र में रविवार को बिजली कंपनी की मनमानी के खिलाफ जनता का गुस्सा सडक़ों पर उतर आया। मेंटेनेंस के नाम पर सुबह 7.30 बजे गुल हुई बिजली जब दोपहर 1 बजे के वादे के बाद भी नहीं आई तो शाम 4 बजे त्रस्त मंडी वासियों ने सीहोर-श्यामपुर मार्ग (मंडी चौराहा) पर चक्काजाम कर दिया। खास बात यह रही कि जिस बिजली को सुधारने में विभाग को 9 घंटे लग गए, वह चक्काजाम की खबर मिलते ही 30 मिनट के भीतर बहाल हो गई।

बता दें विद्युत वितरण कंपनी ने एक दिन पहले ही वाट्सग्रुप के माध्यम से सूचना दी थी कि रविवार 5 अप्रैल को सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के कारण बिजली गुल रहेगी। लोगों ने इसी भरोसे अपने कामकाज, दुकानों का मैनेजमेंट और घर के जरूरी काम सुबह निपटाने की योजना बनाई थी। लेकिन दोपहर के 1 बजे, फिर 2 और फिर 3 भी बज गए पर बिजली के दर्शन नहीं हुए। गर्मी के इस मौसम में बिना पंखे और पानी के जूझते लोगों के धैर्य की परीक्षा बिजली कंपनी ने अंतिम सीमा तक ले ली।

#### सोशल मीडिया पर जताई नाराजगी

बिजली कंपनी द्वारा बनाए गए आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप पर दोपहर होते-होते नाराजगी का सैलाब आ गया। लोग तंज कसते हुए पूछने लगे लाइट दे दो बाऊजी, चिमनी के लिए तेल भी ईरान से नहीं आ रहा है। किसी ने लिखा कि दिमाग का दही हो चुका है, अब लाइट मत देना हम ठंडे पानी में डूब जाएंगे। एक व्यापारी ने गुहार लगाई कि लेबर खाली बैठी है, कम से कम अपने समय की तो लाज रख लो। लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने जवाब देने के बजाय मौन साधे रखा, जिससे जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।





#### राम मंदिर के पास किया चक्काजाम

दोपहर 3.30 बजे तक जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो वार्ड 20, 22, 23 और 25 के रहवासी धीर-.धीरे मंडी चौराहा राम मंदिर के पास जमा होने लगे। देखते ही देखते भीड़ ने सीहोर-श्यामपुर मुख्य मार्ग को ब्लॉक कर दिया। जैसे ही चक्काजाम की सूचना बिजली विभाग और प्रशासन तक पहुंची, विभाग में हडक़ंप मच गया। आनन-फानन में जो फॉल्ट 9 घंटों से नहीं सुधर रहा था, उसे अगले 30 मिनट में ठीक कर शाम 4 बजे बिजली चालू कर दी गई।

#### जनप्रतिनिधियों की खामोशी पर सवाल

मंडी क्षेत्र की 15 हजार से अधिक की आबादी जिसमें संजय नगर, जनता कॉलोनी, अटल कॉलोनी और फ्रीगंज जैसे एक दर्जन से ज्यादा इलाके आते हैं, हर दिन बिजली की आवाजाही से परेशान हैं। इस क्षेत्र में कृषि उपज मंडी, जनपद कार्यालय और बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया है।

बिजली न होने से उद्योगों में मजदूर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं और व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस क्षेत्र के 4 वार्डों में से 3 पार्षद सत्ताधारी दल भाजपा के हैं, लेकिन जनता की इस समस्या पर वे भी 'लाचार' नजर आ रहे हैं।

#### मेंटेनेंस या सिर्फ बहाना

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह एक दिन की बात नहीं है। आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती की जाती है, फिर भी लाइन में सुधार नहीं दिखता। रविवार की घटना ने साबित कर दिया कि बिजली कंपनी के पास संसाधन तो हैं, लेकिन इच्छाशक्ति की कमी है। अगर चक्काजाम होते ही आधे घंटे में बिजली आ सकती है तो फिर लोगों को 9 घंटे तक क्यों परेशान किया।

#### वाट्सग्रुप पर जताई नाराजगी

- 1 बज गए श्रीमान और क्या कसर रह गई है।
- लाइट दे दो बाऊजी चिमली के लिए तेल भी नहीं आ रहा ईरान से।
- आपके समय क हिसाब से ही लाइट चालू करवा दीजिए लेबर बैठी है।
- कौन से मनुष्ट से उद्घाट कर लिया।
- कृपया अब लाईट न चालू करें, हम घर जाकर ठंडे पानी में डूब कर साएंगे, दिमाग का दही हो चुका है।
- लाईट आने में कितना समय लगेगा, कृपया इस बात का जवाब तो दे दीजिए, सभी लोग परेशान है, गर्मी के समय चल रहा है, सुबह से मेंटेनेंस के नाम पर बंद और अब कुछ और कारण से बंद है, जिम्मेदार जवाब तो दे।

## खबर संक्षेप

### खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए किया गया टीकाकरण



**सीहोर।** वेटरनरी विभाग द्वारा जिले के ग्राम नीमटोन में पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग से सुरक्षित रखने के लिए पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया गया तथा रोग की निगरानी के उद्देश्य से प्री-वैक्सीनेशन सैंपल भी एकत्रित किए गए। विभागीय टीम ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी। खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग से पशुओं में बुखार, मुंह में छाले, खुरों में घाव तथा दूध उत्पादन में कमी जैसी समस्याएं होती हैं। एफएमडी वैक्सीनेशन इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण फैलने का खतरा कम होता है। नियमित टीकाकरण से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

### एमएलबी में पुस्तक मेला आज से, 10 से 15% का डिस्काउंट

**सीहोर।** अभिभावकों को राहत देने के लिए शिक्षा विभाग ने पुस्तक मेला लगाने का फैसला किया है। मेला 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक शासकीय एमएलबी कन्या उमावि स्कूल में लगेगा। इसे लेकर शनिवार को बीआरसी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में पुस्तक विक्रेता, यूनिफार्म विक्रेता, स्टेशनरी दुकानदार शामिल हुए। शहर के सभी स्टेशनरी, पुस्तक, यूनिफार्म से जुड़े व्यवसायी पहुंचे।
बीईओ दीपा कीर ने बताया, बैठक में निर्देश दिए गए हैं। सभी पुस्तक विक्रेता, यूनिफार्म विक्रेता 6 से 9 अप्रैल तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे। एमएलबी स्कूल में स्टॉल लगाकर सामग्री बेचेंगे। अभिभावक अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर लाभ ले सकेंगे। यहां किताबें खरीदने पर 10 से 15 प्रतिशत तक डिस्काउंट मिलेगा। बैठक में बीआरसी अशोक वर्मा, आरटीई प्रभारी योगिता लोधी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पुस्तक विक्रेता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने साफ किया है कि मेले में 15 से ज्यादा स्टॉल लगेंगे। बीईओ कीर ने दुकानदारों से कहा, मेला सिर्फ औपचारिकता नहीं रहे। ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को फायदा मिले। हर स्टॉल पर सभी स्कूलों के कोर्स उपलब्ध रहें। सामग्री किफायती दामों में दी जाए।

## भक्तिमय हुआ शहरः धूमधाम से निकाली ऐतिहासिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जी की विशाल झंडा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। आपको बता दे झंडा यात्रा को लेकर पूर्व में बैठक आयोजित की गई थी एवं तैयारी चल रही थी बैठक में सर्व सहमति से झंडा यात्रा का अध्यक्ष सुनील राय को नियुक्त किया गया था। जानकारी देते हुए सुनील राय ने बताया कि बड़े हर्ष के साथ आप सभी धर्म प्रेमी, धर्म रक्षक, और भक्तिमय बंधुओ को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य, दिव्य, और अलौकिक विशाल हनुमान झंडा यात्रा सफल रही मैं इसके लिए सभी धर्म प्रेमियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूँ लगातार 13 वर्षों से यह यात्रा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भोपाल नाका से निकाली जाती हैं उसी क्रम में इस वर्ष भी 04 अप्रैल को हनुमान झंडा भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई थी जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए



कोतवाली से होकर हनुमान फाटक पर सम्पन्न हुई। विशाल हनुमान झंडा उत्सव समिति एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल ने सभी के सहयोग के लिए आभार जताया है यात्रा में आप समस्त शहरवासियों ने आपकी एकता का परिचय दिया है। यात्रा में सुंदर एवं दिव्य झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही जिसका नजारा देखते बन रहा था। यात्रा में शहर के जनप्रतिनिधि एवं धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## मौसम बदलाः धूप के बाद बारिश-ओलावृष्टि, वेस्टर्न डिस्टरबेंस और नमी से कई इलाकों में बेमौसम बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम में बड़ा बदलाव देखा गया। तेज धूप और गर्मी के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सिस्टम और लगातार आ रही नमी के कारण यह परिवर्तन आया है।

इस दौरान, तेज धूप ने जहां लोगों को परेशान किया, वहीं बाद में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम का प्रभाव अधिक रहा, जहां काफी



देर तक हवाएं चलीं, तेज बारिश हुई और कुछ समय के लिए ओलावृष्टि भी हुई। बेमौसम बारिश को लेकर मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक मौसम के मिलाजुले रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी कभी धूप तो कभी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में इस साल कई बार बेमौसम बारिश हुई है।

19 फरवरी को सीहोर में 5 एमएम बारिश दर्ज की गई थी, जिसके बाद 21 फरवरी को 1 एमएम बारिश हुई। 20 मार्च को 2 एमएम और 2 अप्रैल को 20 एमएम बारिश दर्ज की गई। हाल ही में, 3 अप्रैल को भेरूंदा में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

## मजदूरों ने कहा यह हमारी मां के समान है सीवन दिल से काम करेंगे

**सीहोर।** हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत जलकुंभी मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम द्वारा निकलवाई जा रही है। जैसे ही शुरू जलकुंभी अभियान हुआ मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और देखते ही देखते मात्र कुछ ही क्षणों में दो ट्राली के लगभग जलकुंभी निकाली।

जलकुंभी किस प्रकार से निकले इसकी भी सलाह अनुभवी राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा उन्होंने मजदूरों को



मार्गदर्शन दिया। लगभग 7 से 8 ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकल गया, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह मां की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस अवसर पर जीवन पुत्र मुकेश राय सुबह से लेकर शाम इस अभियान में लगे रहे और साथ में प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण ,राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा। मजदूरों का जो सम्मान किया गया उसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि डॉ. प्रदीप सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने सीवन को लेकर प्रकाश डाला और सीवन पुत्र-पुत्री अभियान की प्रशंसा की,सभी मजदूर भाइयों का फूलों की मालाओं तथा श्री राम जी के दुपट्टों से सम्मान किया गया।

### राष्ट्रहित जनसेवा, सबका साथ सबका विकास भाजपा के लिए सर्वोपरिः विधायक सुदेश राय

# 15 पंचायतों को फाइटर टैंकर,38 लाख से अधिक खर्च, पेयजल और आग बुझाने के लिए वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने रविवार को अपने कार्यालय में 15 ग्राम पंचायतों को फाइटर टैंकर वितरित किए। ये टैंकर जनता को पीने का पानी उपलब्ध कराने और आग बुझाने के काम आएंगे। वितरण भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया।

विधायक सुदेश राय ने फाइटर टैंकर की मोटर चलाकर पानी का दबाव देखा और उनका शुभारंभ किया। इन पेयजल फाइटर टैंकरों को विधायक विकास निधि से स्वीकृत किया गया था। टैंकर प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिव और ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सरपंचों ने विधायक सुदेश राय का फूल-मालाओं से स्वागत कर




आभार व्यक्त किया। ये फाइटर टैंकर जनपद पंचायत सीहोर अंतर्गत चांदबड़ जागीर, छतरपुरा, पीलूखेड़ी, घाटपलासी, कचनारिया, मानपुरा, मगरदा, सुआखेड़ी, पड़ियाला, बमूलिया, दोराहा, बरी, नाईहेड़ी, बराड़ीकलां, जमुनिया तालाब और सेमरादांगी ग्राम पंचायतों को प्रदान किए गए। प्रत्येक टैंकर एचडीपीई लाइन, जी.आई. वाटर टैंकर (क्षमता 5500 लीटर) और पावर पंप सहित है। एम.पी. स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज से खरीदे गए प्रत्येक टैंकर की लागत 2,57,645 रुपए है, जिससे कुल 38,64,675 रुपए के टैंकर वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, सीताराम यादव, राजकुमार रिंकू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, सुदीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 26 से भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

### 25 को निकाली जाएगी कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी।

प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से आरंभ होने वाले पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है। 25 अप्रैल को पूजन, कलश यात्रा दोपहर तीन बजे आरंभ की जाएगी। इसके अलावा 26 अप्रैल को पंचांग पूजन सुबह आठ बजे मंडप प्रवेश आदि का आयोजन किया जाएगा। 30 अप्रैल को दोपहर बारह बजे आहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से महायज्ञ में शामिल होने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर कराया स्कूल में प्रवेश

**सीहोर।** भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के अपर संचालक शीतांशु शुक्ला ने सीहोर जिले के ग्राम जहांगीरपुरा, नयापुरा और लसुड़िया परिहार के शासकीय स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक से छठवी तक के नव प्रवेशित बच्चों को फूलमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंनें बच्चों को किताबें वितरित कीं और बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने स्कूलों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान डाइट प्राचार्य अनिता बडगुर्जर और डीपीसी आरआर उईके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### टीईटी अनिवार्य करने का विरोध, 8 से आंदोलन

**सीहोर।** शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक शनिवार को आवासीय विद्यालय परिसर में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में एक सूत्रीय मांग टीईटी परीक्षा का विरोध मुद्दे पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर ऐसी परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों में असंतोष है। शिक्षक इस फैसले के खिलाफ एकजुट हैं। बैठक में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति तय हुई। 8 अप्रैल को जिला स्तरीय आंदोलन होगा। 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय आंदोलन होगा। 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महा आंदोलन होगा। इन आंदोलनों के जरिए शासन और प्रशासन तक मांगें पहुंचाई जाएंगी। बैठक में अध्यापक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक संजय सक्सेना, विश्वजीत त्यागी, सतीश त्यागी, राजेंद्र सिसोदिया, शिवनारायण गौर, सवाई सिंह परिहार, मुकेश कुशवाह, प्रदीप नागिया, चंदर सिंह ठाकुर, इन्दर सिंह ठाकुर, राजेश राठौर मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने उत्साह के साथ किया नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत

**बागली।** नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी मंच पर पुष्पहारों से स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग चाहिए। क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना आवश्यक है और ये तभी होगा जब कार्यकर्ताओं में जोश होगा। वर्तमान समय में जो कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ है वो क्रांतिकारी है। कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने के लिए तन मन न्यौछावर करना होगा। स्वागतकर्ताओं में मुख्य रूप से ओम शर्मा, कमल सोनी, लीलाधर जाट, बुरहानुद्दीन बोहरा, अंतर पाटीदार, अशोक वर्मा, मुकेश भाटी, मिंटू गुर्जर आदि रहे मौजूद।

---

जांच बनाम जमीनी कार्रवाई: कुछ ही दिनों में खुला विरोधाभास, जवाबदेही और पारदर्शिता पर उठे गंभीर प्रश्न

# जांच टीम की खोखली निकली रिपोर्ट: नर्मदा में जारी है अवैध खनन, कार्रवाई से खुली पोल

स्थानीय प्रशासन ने प्रदेश शासन की गठित जांच दल की रिपोर्ट को किया उजागर, जिले सहित तहसील भैरुंदा में रात के अंधेरे में जारी है रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




नर्मदा नदी से रेत के अवैध खनन और परिवहन को लेकर सीहोर जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। एक ओर प्रदेश स्तर की जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में जिले में कहीं भी अवैध खनन नहीं होने का दावा किया, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन ने महज कुछ ही दिनों बाद छापामार कार्रवाई करते हुए 11 वाहनों को जब्त कर जमीनी हकीकत उजागर कर दी। इस विरोधाभास ने पूरे मामले को संदेह और बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है।

मामला तब और गरमा गया जब 3 अप्रैल को भैरूंदा तहसील के सिलकंठ और चौरसाखेड़ी क्षेत्र में संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान 2 पोकलेन मशीन, 4 जेसीबी, 2 लोडर, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक पनडुब्बी मशीन जब्त की गई। इतनी बड़ी कार्रवाई ने साफ संकेत दिए कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन का संगठित नेटवर्क सक्रिय है।

दरअसल, इससे पहले विदिशा संसदीय क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतों पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए हो रहे अवैध खनन के वीडियो की पेनड्राइव साथ में लेकर प्रदेश शासन को प्रस्तुत करने की बात कही थी। इस मामले पर प्रदेश शासन ने पांच सदस्यीय जांच दल गठित कर जिलेभर में जांच कराई। 23 मार्च को गठित जांच दल ने लगभग एक सप्ताह तक विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम भैरूंदा क्षेत्र में भी पहुंची और कुछ वाहनों पर कार्रवाई की, सूत्रों की मानें तो जांच दल की अंतिम रिपोर्ट में जिले में अवैध खनन नहीं होने का दावा कर दिया। यहीं से पूरे मामले में विरोधाभास शुरू हो गया, जो अब स्थानीय कार्रवाई के बाद और गहरा गया है।

जांच रिपोर्ट के कुछ ही दिनों बाद स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई ने इस दावे की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए। एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कुछ अधिकारी दोनों कार्रवाइयों में समान रहे। इससे समन्वय, सूचना साझा करने की प्रक्रिया और जांच की गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज है कि जब क्षेत्र में अवैध खनन जारी था, तो जांच दल को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिली या फिर उपलब्ध तथ्यों को नजरअंदाज किया गया। इससे जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह गहराने लगा है। वहीं कुछ वाहन मालिकों ने आरोप लगाया है कि उनकी मशीनें खेत-खलिहान में खड़ी थीं और किसी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं थीं, फिर भी उन्हें जब्त कर लिया गया। इससे प्रशासन पर मनमानी कार्रवाई के आरोप भी लग रहे हैं। यह विवाद इसलिए भी गहरा रहा है क्योंकि पूर्व में इसी तरह के एक मामले में खेत में खड़ी पनडुब्बी मशीन पर कार्रवाई को नियमों के विरुद्ध बताया गया था। अब उसी तरह की कार्रवाई होने से नियमों के पालन को लेकर दोहरे मापदंड की चर्चा शुरू हो गई है।

#### जानकारी अनुसार बीते साल

छिदगांव काछी में खेत खलियान में खड़ी पनडुब्बी मशीन पर खनिज विभाग कार्रवाई करने पहुंचा था। उस समय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। जब स्थानीय व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा था। तहसीलदार सौरभ शर्मा भी मौजूद थे। उस समय ग्रामीणों से बात की ओर तहसीलदार सौरभ शर्मा नियमों का हवाला देते हुए खड़ी हुई मशीन पर कार्रवाई नहीं करने दी। ओर खनिज विभाग को खाली हाथ लौटना पड़ा था। इस कार्रवाई में तहसीलदार सौरभ शर्मा द्वारा ही खड़ी हुई मशीनों पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारी और खनिज विभाग को सूचना दी। एसडीएम सुधीर कुशवाह एसडीओपी रोशन कुमार जैन सहित राजस्व अमला भी मौके पर पहुंचा था।

#### रात के अंधेरे में जारी उत्खनन

इधर भैरूंदा तहसील क्षेत्र में रात के अंधेरे में नर्मदा नदी से रेत का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शाम होते ही नदी में दर्जनों पनडुब्बी और पोकलेन मशीनें सक्रिय हो जाती हैं। छिदगांव काछी, अंबा कदीम वडगांव, दिमावर और बाबरी सहित कई घाटों पर खुलेआम खनन और परिवहन हो रहा है, जिससे प्रशासन की एक-दिवसीय कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

#### जब्त मशीन 'गायब' होने से मचा हड़कंप

पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाला मामला जब्त पनडुब्बी मशीन के गायब होने का रहा। कार्रवाई के दौरान मशीन को थाना परिसर में खड़ा किया गया, लेकिन उसे विधिवत पुलिस सुपुर्द नहीं किया गया। इसका फायदा उठाकर मशीन मालिक उसे दिनदहाड़े वहां से ले गया और उसकी जगह दूसरी मशीन खड़ी करने की कोशिश की गई। पटवारी की जांच में यह गड़बड़ी सामने आने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया और देर रात मशीन को दोबारा थाने में खड़ा कराया गया। हालांकि इस मशीन को टैक्टर पर जुर्माना भरकर छूड़वाने की फ़िराक़ में भी लगे हुए हैं। नियम अनुसार पनडुब्बी मशीन पर रातशाद की कार्रवाई की जाती है।

---

## कान फोड़ तेज आवाज को करेंगे कंट्रोल, डीजे बजाने का भी तय होगा शहर में फिक्स टाइम

### राठौर धर्मशाला में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

**सीहोर।** डीजे की कान फोड़ तेज आवाज को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिंदू उत्सव समिति प्रशासन और डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन संयुक्त रूप से कंट्रोल करेगा। शहर में डीजे बजाने की टाइम लिमिट भी फिक्स रहेगी। समाजसेवी संगठनों और शासन प्रशासन के नियम कानून का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन ही जुर्माना कार्यवाही करेगा।



शहर में गूंजती डीजे की खतरनाक आवाज और समाज में फैलती फुहड़ता सहित शासन प्रशासन के निर्देश और डीजे संचालको के रोजगार कानूनी दिक्कत एवं जनता की परेशानियों को लेकर शनिवार को राठौर धर्मशाला में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, समाजसेवी यज्ञदत्त शर्मा, तहसीलदार अमित सिंह, कोतवाली से एस आई विक्रम आदर्श, डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष अंकित राठौर शाहिद बड़ी संख्या में शहर के डीजे संचालक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीजे संचालको ने अपनी अपनी परेशानियों से प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवी हिंदू संगठन के पदाधिकारी को अवगत कराया। तहसीलदार अमित सिंह और एस आई विक्रम आदर्श ने हाई कोर्ट के निर्देशों की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा और हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे से होने वाली परेशानियां और सामाजिक गिरावट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और डीजे संचालकों से टाइम लिमिट में धीमी आवाज में डीजे बजाने का आग्रह किया। डीजे एसोसिएशन अध्यक्ष अंकित राठौर ने कहां की हम जल्दी ही समाज हित में कोई ठोस फैसला लेंगे और नियम कानून का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर जुर्माना लगाने का भी फैसला करेंगे।

## दो कार्यकाल से एक ही परिवार के हाथों में सरपंची, ग्रामीणों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### आरटीआई मांगने पर धमकी, जांच पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



ग्राम पंचायत झाली एक बार फिर विवादों में है। यहां विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार, सूचना का अधिकार (RTI) के तहत जानकारी न देने और शिकायत करने पर धमकियां मिलने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में बीते दो कार्यकाल से एक ही परिवार का वर्चस्व बना हुआ है पहले जयनारायण बारेला स्वयं सरपंच रहे, और अब उनकी पत्नी इस पद पर हैं। इसके बावजूद गांव में विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है, जबकि कागजों में लाखों रुपए खर्च दिखाए गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, स्वच्छता और अन्य विकास कार्यों के नाम पर भारी राशि निकाली गई, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नजर नहीं आता। कचरा उठाने के लिए वाहन तक उपलब्ध नहीं है, फिर भी खर्च का पूरा हिसाब दर्शाया गया है। इन अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से RTI के तहत जानकारी मांगी और जिला प्रशासन को भी शिकायत सौंपी, लेकिन 30 दिन बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। मामला तब और गंभीर हो गया जब आरटीई आवेदनकर्ता राजेश बारेला ने आरोप लगाया कि सरपंच पति जयनारायण बारेला और उनके साथियों ने उनके घर पहुंचकर धमकी दी। आरोप है कि शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने तक की चेतावनी दी गई। इस घटनाक्रम के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाओं और बच्चों तक में असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

घटना के बाद राजेश बारेला ने थाना भैरूंदा में लिखित शिकायत देकर अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने पुलिस से धमकी दे रहे लोगों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों ने भी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। इधर, रविवार 5 अप्रैल को जनपद द्वारा गठित जांच दल ग्राम पंचायत पहुंचा, लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दल ने जांच की बजाय कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। ग्रामीणों ने हस्ताक्षर से इनकार कर दिया, जिसके बाद टीम बिना जांच किए ही लौट गई। इस घटनाक्रम ने जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा है कि ग्राम पंचायत झाली में विकास कार्यों की राशि को लेकर जांच दल गठित किया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सरपंच पति जयनारायण बारेला ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि कुछ लोग व्यक्तिगत द्वेष के चलते झूठी शिकायतें कर रहे हैं, जबकि पंचायत में विकास कार्य लगातार जारी हैं।

## सबके कल्याण की भावना करोगे तो हमे अपना सुख भी प्राप्त होगा, ऐसी भावना करना चाहिए: मुनि संस्कार सागर महाराज

**सीहोर।** सुखी रहे सब जीव जगत के कोई नही धवराए ऐसी भावना प्रत्येक प्राणी को करना चाहिए। न तो अपना कोई शत्रु रहेगी न कोई संकट आएगा। शांतिधार करते है तो उसमे सबके कल्याण की भावना करते है हमे अपना सुख पाना है तो ऐसी भावना करना चाहिए। उक्त अमृत वाणी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सभागार मे धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान आगे कहा कि भगवान के पास कामना लेकर जाओगे तो कुछ नही प्राप्त होता है । पूर्व भव कर्म ही काम आता है। भगवान सिध्दालय मे विराजमान है वह किसी का अच्छा बुरा कुछ नही करते ,जो भी हमारे साथ जो भी अच्छा-बुरा होता है। वह हमारे कर्मो के अनुसार होता है। भगवान के दर्शन करने जाओ तो निः




विकल्प होकर जाओ तो हमे अपने आप ही बहुत कुछ प्राप्त होगा । कभी भी भगवान के चरणो मे संसारिक भोगो की कामना नही करना चाहिए। जिनेन्द्र भगवान ने जो मार्ग हमे बताया है उस मार्ग का अनुशरण करे तो हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। प्रातः तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन अर्चना धार्मिक अनुष्ठान मुनिश्री के सानिध्य मे श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रध्दालुओ ने ज्ञानार्जन किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीतमय आरती भजन कीर्तन कर श्रध्दालुओ ने भगवान का स्मरण किया ।

## नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनरेखा हैं: मंत्री प्रहलाद पटेल



**सीहोर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधनी जनपद के ग्राम जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर चल रहे स्वच्छता सेवा कार्य में श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने दादा गुरुजी से भी भेंट की। दादा गुरूजी ने मिट्टी के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया।

मंत्री श्री पटेल ने "जल गंगा संवर्धन अभियान" को एक निरंतर चलने वाला जनआंदोलन बताते हुए कहा कि यह प्रयास किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नदियाँ केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनरेखा हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह शर्मा, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, जनपद सीईओ सुप्रिया दुफरे सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

---

भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की

# लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बनने जा रहा है सीहोर का केदारनाथ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सीहोर परिसर में निर्माणाधीन नवीन श्री केदारनाथ मंदिर परिसर में नल कूप (जल व्यवस्था) का शुभारंभ किया गया, जिसे मंदिर निर्माण शिखर निर्माण में आवश्यक जल की संपूर्ण व्यवस्था की जा सके साथ में मंदिर परिसर में आ रहे श्रद्धालुओं को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो सके, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा कि जब-भी केदारनाथ धाम एवं पूज्य गुरुदेव का आदेश होगा मैं और मेरा संपूर्ण परिवार एवं नगर पालिका सनातन धर्म एवं श्रद्धालुओं की सेवा में उपस्थिति रहेगी। आज पवित्र अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार रूठिया ने नगर सेठ स्वर्गीय मानक चंद रूठिया की स्मृति में आश्रम परिसर में उपस्थित सत्संग हॉल के मुख द्वारा का निर्माण कराया, श्री रूठिया ने कहां की जब भी आश्रम एवं केदारनाथ धाम परिसर में रूठिया परिवार की आवश्यकता होगी सदेव सेवा में उपस्थित रहेंगे। इस पावन अवसर सभी ने पूज्य गुरुदेव कथा व्यास परम गौभक्त राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक आशीर्वाद प्राप्त किया नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास प्रिंस राठौर, वरिष्ठ समाज सेवी विवेक कुमार रूठिया एवं आश्रम परिवार ने उपस्थित होकर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

यह कार्य न केवल मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर में नरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, अतुल शर्मा रामबाबू सक्सेना, बृजेश पाराशर, प्रेमलता राठौर, खत्री, शर्मा, शैलेश चंदेल, जितेन्द्र परमार, लक्ष्मण सिंह चौकसे, नितिन उपाध्याय, बसंत कुशवाह, सचिन ठाकुर, मनोहर जायसवाल,पंडित ऋतिक शुक्ला साहित बड़ी संख्या में आश्रम परिवार उपस्थित रहे।

## जिले के 212 गोदामों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार अधिकारियों के जांच दलों ने जिले के 212 गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदामों स्टॉक का सत्यापन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि रबी उपार्जन वर्ष अंतर्गत अन्य जिलों में खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों पर खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व एवं बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं भंडारित करने का प्रकरण प्रकाश में आया है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों में इस वर्ष की खरीदी से पहले गेहूं के भण्डारण का भौतिक सत्यापन करने के लिए तहसीलवार एवं गोदामवार अधिकारियों के जांच दल बनाए गए थे और सभी अधिकारियों को गेहूं उपार्जन के लिए चिन्हांकित गोदामों की जांच कर 2 दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

इन दुकानों पर अब आबकारी विभाग जिम्मेदारी निभाते हुए विक्रय करवाएगा मदिरा

# राजगढ़ जिले में 24 शराब दुकानों का किसी ठेकेदार ने नहीं लिया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नवीन आबकारी नीति के अंतर्गत अब तक कुल 133 मदिरा दुकानों के ठेके दिए जा चुके हैं और सभी दुकानों पर संबंधित ठेकेदारों द्वारा शराब का विक्रय आरंभ किया जा रहा है। इस निष्पादन से अब तक लगभग 176 करोड़ रूपये का राजस्व सुरक्षित किया गया है जो कि नवीन नीति के अनुसार प्रस्तावित राजस्व का लगभग 55 प्रतिशत है।

जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल एवं अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी अजय भादरे ने बताया कि जिले में कुल 157 शराब दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। उक्त 157 में से 24 शराब दुकानों के लिए ठेकेदारों/एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। परन्तु शासन द्वारा निर्धारित 315 करोड़ रुपए का टारगेट/आरक्षित मूल्य को विभाग कवर करेगा। जिन 24 दुकानों के टेंडर फिलहाल तक नहीं हुए हैं उन दुकानों का संचालन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार होमगार्डस व अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों के जरिए करवाया जाएगा।

### रिकॉल टेंडर की प्रक्रिया चलन में

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 24 मदिरा दुकानों का ठेका न होने की वजह से 31 मार्च की रात्रि में ठेका समाप्त हो जाने पर आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों का ठेका दिये जाने की प्रक्रिया (रिकॉल टेंडर) भी चालू है जो शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन के द्वारा की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को संपन्न 12 वें चरण की कार्यवाही में 09 और दुकानों पर टेण्डर प्राप्त हुऐ है। प्रस्ताव मान्य/अमान्य करने हेतु इनको जिला समिति अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देश पर विभागाध्यक्ष को प्रेषित किये जा रहे है। इनकी स्वीकृति हो जाने पर जिले की शेष 24 दुकानें जो अभी विभागीय नियंत्रण में हैं, को भी शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नीलामी पर रखा जाएगा।

### इसलिए नहीं लिए गए हैं ठेके

दरअसल, नई आबकारी नीति के तहत गत वर्ष हुई टेंडर राशि में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर टेंडर दिए जाने हैं। जिन 24 दुकानों के टेंडर ठेकेदारों ने नहीं लिए उन दुकानों पर शराब की बिक्री बहुत कम मात्रा में हुआ करती है। ऐसे में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर ठेका लेने में एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। हालांकि, अब रिकॉल टेंडर में संभव है कि जल्द उक्त दुकानों के टेंडर भी एजेंसियों द्वारा ले लिए जाएं।

### इन दुकानों के टैंडर होना बाकी

जिन दुकानों के टैंडर रिकॉल किए गए हैं उनमें ब्यावरा सिटी, खजूरी, कुरावर मंडी, कुंवर कोठरी, नई आबादी कुरावर, नरसिंहगढ़(ब), पचोर(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), आसारेटा, बोड़ा(बी), किला अमरगढ़, लिम्बोदा, नाहली, पीपल्याबीरम, सुस्तानी, ब्यावरा एफ-2, जीरापुर(बी), खिलचीपुर-ए, कुरावर, पचोर, राजगढ़, छापीहेड़ा एवं खुजनेर-ए शामिल हैं।

### इनका कहना है

टैंडर रिकॉल किए गए हैं। शासन को राजस्व की हानि न हो इसलिए जब तक एजेंसी तय नहीं होती विभाग अपने स्तर से दुकानों का संचालन करवाएगा।

- **अजय भादरे**, अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा मामला

# रेंजर दफ्तर के सामने ही टूटी पड़ी फॉरेस्ट की तार फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में वनों के सरंक्षण और बचाव का दावा करने वाले वन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे ही जंगलों की सुरक्षा को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मुख्यालय पर बाईपास स्थित नवनिर्मित रेंजर कार्यालय के सामने वन विभाग की भूमि स्थित है। इसी भूमि पर विभाग की तार फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है पर जिम्मेदारों द्वारा तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आपको बतादें कि खोयरी रोड स्थित रेंजर दफ्तर कुछ माह पूर्व ही किशनगढ़ गांव के ऊपर नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया गया हैं। रेंज कार्यालय के अधिकारी समेत इन्सपेक्टर, वनपाल, वनरक्षक व अन्य अमला प्रतिदिन ऑफिस तो पहुंच रहा है लेकिन मुख्य कार्यों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। रेंजर कार्यालय के ठीक सामने कई बीघा क्षेत्र में फॉरेस्ट के स्वामित्व की जमीन स्थित है। इस जमीन को कब्जे से मुक्त रखने पूर्व में करवाई गई तार फेंसिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करते हुए तारों को चुराया जा रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।



### अनेकों स्थानों पर इसी तरह के हैं हाल

लापरवाही का यह मामला सिर्फ रेंजर दफ्तर के सामने तक ही सीमित नहीं है बल्कि जिले में अनेक स्थानों पर वन विभाग के स्वामित्व वाली फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। कहीं चोरों ने तार चुरा लिए तो कहीं अन्य कारणों से वनभूमि असुरक्षित हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# बजट सहित कई बिन्दुओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

## राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार से रखी गई मांग



**सारंगपुर।** बढ़ती महंगाई और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण बिजली, पेट्रोल-डीजल, गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि महंगाई का असर गरीब और मध्यम वर्ग पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने बिजली दरों में वृद्धि, गैस की किल्लत और अघोषित कटौती को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से घरेलू बजट के साथ छोटे व्यापारियों पर भी संकट खड़ा हो गया है। किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने बताया कि डीजल की कमी और महंगाई के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों को गेहूं खरीदी में देरी के चलते फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अनियमितता, स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल और गैस संकट जैसे मुद्दे भी उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर हादसे का खतरा, पाइप लाइन में लीकेज

**राजगढ़।** स्थानीय हाईवे के बाईपास पर दुर्घटनाओं का खतरा मंडलरा रहा है। दरअसल, भगवति रेस्टोरेंट के समीप एवं अटल बिहारी प्रतिमा के ठीक पास नगर पालिका की पाइप लाइन में लीकेज होने से पानी सीधे हाईवे पर पहुंच रहा है। स्थानीय रहवासियों द्वारा नगर पालिका के जिम्मेदारों को सूचना देने के बाद भी उक्त लीकेज दुरुस्त करवाने नगर पालिका की जल शाखा के जिम्मेदार कोई जहमेत नहीं उठा रहे हैं। पाइप लाइन के लीकेज से निकला पानी पूरे समय हाईवे पर बहता रहता है। ऐसे में बाइक चालकों के असंतुलित होने की संभावना ज्यादा बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए लाइन दुरुस्त करवाई जाए ताकि पानी व्यर्थ न बहे और संभावित दुर्घटनाओं को भी टाला जा सके।

संक्रमण के खतरे में कमी के साथ समय व राशि की होगी बचत

# जिला अस्पताल में शुरू हुई बेडशीट की आधुनिक धुलाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में प्रशासन की एक ओर पहल नजर आई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के प्रयासों से जिला अस्पताल में आधुनिक हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों के माध्यम से बेडशीट धुलाई की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस पहल से अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही मरीजों को संक्रमण के खतरे से राहत मिलेगी।

जिला अस्पताल में स्थापित तीन हाई-कैपेसिटी मशीनों के माध्यम से अब मात्र 30 मिनट में लगभग 100 बेडशीट की धुलाई संभव हो सकेगी। पूर्व में बेडशीट की धुलाई नालों, नदी के पानी में करवाई जाती थी, जिसमें अधिक समय लगने के साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता था। नई व्यवस्था के तहत अब धुलाई कार्य अस्पताल परिसर में ही वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगी, बल्कि समय एवं संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित करेगी। साथ ही मरीजों को साफ एवं स्वच्छ बेडशीट उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार की जाएगी धुलाई

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार विभिन्न वार्डों की बेडशीट की नियमित धुलाई की जाएगी। इस कार्य के लिए आवश्यक मानव संसाधन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## खर्चीली शादियों को रोकने तंवर समाज करवा रहा विवाह सम्मेलन

**राजगढ़।** गरीब परिवारों के हित और खर्चीले विवाह-समारोह पर अंकुश लगाने के उद्धेश्य से क्षेत्र के तंवर समाज के तत्वावधान में आगामी 25 अप्रेल को निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने बताया कि यह सम्मेलन ढंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव परिसर में आयोजित करवाया जाएगा जिसके लिए पंजीयन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सम्मेलन में जोड़ों के विवाह हेतु अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर-वधु के परिजनों को आयु के प्रमाण हेतु निर्धारित शासकीय दस्तावेज सम्मेलन समिति के पास जमा करवाने होंगे। इसके साथ ही शराब पीकर सम्मेलन में आने वालों के लिए समिति द्वारा जुर्माना तय किया गया है। जो भी सम्मेलन में किसी भी तरह का नशा करके आएगा उस पर न केवल जुर्माना बल्कि संबंधित को पुलिस के सुर्पुद किया जाएगा।

स्कूल चले अभियान के तहत जिले भर में कार्यक्रम आयोजित

# स्कूलों में ऐसी पढ़ाई हो जो बच्चों को बोझिल न लगेः मनोज हाड़ा

**राजगढ़।** स्कूल चले अभियान एवं प्रवेश उत्सव के चतुर्थ दिवस शासकीय प्राथमिक विद्यालय हीरापुरा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा बच्चों से रूबरू हुए। इस दौरान बच्चों को नए बैग, किताबें व अन्य सामग्री का वितरण करवाया गया।

हाड़ा ने शाला स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई ऐसी होनी चाहिए जो बच्चों को बोझिल न लगे। सभी विषयों का अध्ययन खेल-खेल में करवाया जाना चाहिए ताकि बच्चे रुचि लेकर पढ़ाई करें। हाड़ा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के भविष्य को किस प्रकार संवारा जा सकता है, इस बारे में भी उद्धगार व्यक्त किए। उन्होंने नौनिहालों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि दुनिया में हर चीज बांटी जा सकती है परंतु हमारा ज्ञान ही है जिसे कोई न बांट सकता है न छीन सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। संस्था के प्रभारी रामबाबू पुष्पद एवं भगवान सिंह राणावत ने अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन किया। संस्था के प्रबंधन और छात्र-छात्राओं के अनुशासन की भी प्रशंसा की गई। अंत मे उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को रोमांचक कहानियो, कविता की पुस्तकें और पेन भेंट किए गए। आभार शिक्षक भगवान सिंह राणावत द्वारा प्रकट किया गया।'



## छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द, 10 पर जुर्माना अधिरोपित

**राजगढ़।** कृषि विभाग के आदेश पर जिले में उर्वरक वितरण को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। उक्त आदेश की अवहेलना पर जिले के छह उर्वरक बेचने वालों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं एवं 10 पर जुर्माना लगाया गया है। जिन इन विक्रेताओं के लाइसेंस किए गए निलंबित विशाल ट्रेडर्स जीरापुर, श्री कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र खुजनेर, महादेव इंटरप्राइजेज बोड़ा, गोपाल ट्रेडर्स ब्यावरा, सांवरिया ट्रेडर्स ब्यावरा एवं लोदी कृषि सेवा केन्द्र सुतलिया शामिल हैं।

### इन विक्रेताओं पर 5.5 हजार रुपए का जुर्माना

विभाग ने निर्देशों की अवहेलना पर श्री दांगी कृषि सेवा केन्द्र खिलचीपुर, श्रीराम इंटरप्राइजेज खिलचीपुर, हबीबा इंटरप्राइजेज माचलपुर, राधेश्याम ट्रेडर्स खुजनेर, नागर ट्रेडर्स खुजनेर, श्री फ्लोदी इंटरप्राइजेज पचोर, इफको ई.बाजार सारंगपुरए कृष्णा ट्रेडर्स ब्यावरा, श्री बालाजी ट्रेडर्स ब्यावरा, मंडलोई कृषि सेवा सुतलिया पर 5 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया है।

किसानों को जैविक खेती अपनाने किया प्रेरित

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर जैविक खेती के नवाचार की पहल देखी



**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को जीरापुर विकासखंड के ग्राम घोघटपुर पहुंचकर क्षेत्र में हो रहे जैविक खेती के नवाचारों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एक किसान के खेत पर पहुकचकर बीआरसी (जैविक संसाधन केंद्र) यूनिट एवं चूजे पालन गतिविधियों को देखा एवं किसान द्वारा अपनाई गई आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों की सराहना की।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती एवं नवीन तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर हो और बाजार में अच्छे मूल्य प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि बीआरसी यूनिट जैसे नवाचार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैंइस प्रकार की इकाइयों के माध्यम से जैविक खाद एवं दवाइयों का निर्माण कर लागत को कम किया जा सकता है और मृदा की उर्वरता को बनाए रखा जा सकता है।

### आय का अतिरिक्त स्त्रोत है चूजे पालन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने चूजे पालन गतिविधि को भी किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्त्रोत के रूप में बताया और कहा कि कृषि के साथ पशुपालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बना सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों को निर्देशित किया गया कि जिले में इस प्रकार के सफल मॉडलों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इससे प्रेरणा लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

## नागर मोहल्ले में देर रात्रि तक चली भंडारा प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हनुमान जयंती से चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मुख्यालय के नागर मोहल्ले स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया। शाम से आरंभ हुए भोजन, प्रसादी का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु महिला, पुरुषों, बच्चों ने भंडारे में प्रसादी गृहण की। इस वृहद आयोजन में स्थानीय युवाओं की भूमिका भी सराहनीय रही और वे तन्मयता के साथ भंडारे में परोसगारी करते नजर आए। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि फेनु बना के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भंडारे में पहुंचकर व्यवस्थाओं को सम्हाले रखा।

बाल कल्याण समिति ने शिशु गोपाल महिला मंडल को सौंपा

# प्रशासन की सुरक्षित गोद में पहुंचा 2 माह पूर्व लावारिस हाल में मिला बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



करीब दो माह पूर्व खिलचीपुर क्षेत्र के निर्जन स्थान पर लावारिस हाल में मिले बालक को मुख्यालय स्थित एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती करवाया गया था। बालक के एसएनसीयू में एडमिट किए जाने के वक्त उसकी हालत बहुत नाजुक थी परन्तु 60 दिनों तक चले विशेष उपचार के बाद यह लावारिस बालक पूरी तरह स्वास्थ्य हो चुका है।

बच्चे को पूर्णतः स्वथ होने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा एवं टीम ने इस बालक को आगे के पोषण हेतु प्रशासनिक रूप से पंजीबद्ध शिशुगृह गोपाल महिला मंडली के सुपुर्द्ध किया। शर्मा ने बताया कि बेबी को उचित देखभाल, बेहतर स्वास्थ्य और सर्वोत्तम हित के लिए आवश्यक अन्य जरूरी देखभाल के निर्देश के साथ राजगढ़ के शिशुगृह गोपाल महिला मंडल के प्रतिनिधियों को संस्थागत आश्रय के लिए सुपुर्दगी दी। इस दौरान एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आरएस माथुर और विंग की टीम ने भावुक क्षणों में बालक को शिशुगृह के लिए रवाना किया।

### नियमानुसार की जाएगी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया

बाल कल्याण समिति पदाधिकारी श्रीमती रिंकू सुनेरी, सुरेश चंद्रवंशी, निलेश मालवीय, श्रीमती सलमा अंसारी ने बताया कि आगामी दिनों में बालक के माता-पिता की सर्चिंग की जाएगी और तय समय में पश्चात नहीं मिलने पर जेजे एक्ट के अनुसार विधिमुक्त और दत्तकग्रहण की प्रक्रिया संबंधी को चलन में लाया जाएगा। समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि जिस बालक का कोई नहीं उसकी बाल कल्याण सिमति है। समिति स्टाफ हमेशा बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर एसएनसीयू टीम प्रभारी सहित दो माह तक मां जैसी देखभाल करने वाली नर्सेज व अन्य उपस्थित रहे।

## मलखंब में पौआनाला के श्लोक आदिवासी ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम पौआनाला के मलखंब खिलाड़ी श्लोक आदिवासी प्रदेश टीम में चयनित होकर 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स' में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक पिछले कई वर्षों से पालन सेवा फाउंडेशन के मार्गदर्शन में मलखंभ का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष भी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। ग्राम पौआनाला के लिए यह गौरव की बात है। पहली बार गांव का कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा है।

## खबर संक्षेप



### नेवरी में हुआ एचपीवी टीकाकरण

**चापडा।** भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 से 16 वर्षीय की बालिकाओं के लिए वृहद स्तर पर एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। यह टीका बालिकाओं में गर्भाशय के दौरान होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करेगा। बागली विकासखंड के नेवरी में एनएएम उर्मिला सिसोदिया व स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम द्वारा शनिवार को शिविर लगाकर बालिकाओं का टीकाकरण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम आभा जोशी ने अपने अभिभावक कल्पना कौशल जोशी की अनुमति प्राप्त कर इस वैक्सीन को लगवाया।

### विस्तार के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना जरूरी


**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के राजपत्र असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 24 मार्च 2026 प्राकृतिक गैस ओर पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाईप लाईनों और अन्य सुविधाओं को बिछाने, निर्माण, संचालन और विस्तार के लिये) आदेश, 2026 जारी किया गया है। आदेश अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को पाईप लाईन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढाने से देश भर के उन क्षेत्रो में एलपीजी की आपूर्ति किया जाना संभव होगा, जहां प्राकृतिक गैस पाईप लाईन नहीं है, वहां एलपीजी उपलब्ध हो सकेगी। उक्त आदेश की कंडिका 4 (घ) के प्रावधान अनुसार नगर देवास के जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन (पीएनजी) उपलब्ध है, उस क्षेत्र के घरेलू गैस एलपीजी उपभोक्ताओं को आदेश दिए हैं।

### कृषि उपज मंडी में कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता कर किसानों के साथ किया संवाद

# संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस ने किसानों से पूछे सवाल, किसान बोले-धोखा दे रही सरकार, कर्ज लेने के लिए हो रहे मजबूर

चर्चा शुरू करते हुए पूछा की भाजपा सरकार आपके गेहूं खरीदी का कार्य इतना विलंब से कर रही है और तारीख पर तारीख बढ़ा रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश चौहान द्वारा आयोजित एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर के विशेष सहयोग से कृषि उपज मंडी आष्टा में किसान संवाद और पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के मुख्य अतिथिय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि उपज मंडी में अपनी आर्थिक परेशानी अनुसार उपज बेचने आए किसानों से संवाद कार्यक्रम में किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान किसान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह वर्मा ने चर्चा शुरू करते हुए पूछा की भाजपा सरकार आपके गेहूं खरीदी का कार्य इतना विलंब से कर रही है और तारीख पर तारीख बड़ा रही है। उसको लेकर आपका क्या कहना है तो उपस्थित किसानों ने कहा कि सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। क्योंकि सरकार ने 28 मार्च किसानों से अपने कृषि ऋण वसूली की अंतिम तारीख निर्धारित की और लाखों किसानों को 28 तारीख के बाद डिफॉल्टर करना शुरू कर दिया जो किसान डिफाल्टर हो गए हैं।

उनकी सिविल खराब हो गई है। उनको और उनके परिवारों को कोई भी संस्था ऋण देने में दिक्कत महसूस करेगी वहीं किसानों के सामने अपने पारिवारिक नातेदारी रिश्तेदारी में वैवाहिक एवं अन्य मांगलिक कार्य की वजह से किसान लोग बाजार से अत्यधिक ब्याज पर कर्जा लेकर अपने परिवार में चल रहे। आयोजनों को लेकर कर्ज ले रहे हैं। लेकिन सरकार गेहूं खरीदी की तारीख पर तारीख बड़ा रही है। जिससे किसानों के सामने भयानक कर्जवान होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने पूछा कि बिजली विभाग आपको सुचारू विद्युत व्यवस्था दे रहा है जिसके जवाब में किसानों ने कहा कि विद्युत विभाग हमारी फसल पककर तैयार होते ही हम किसानों से बकाया बिजली बिलों की बहुत सख्त वसूली कर रहा है।

जिसमें हमारे वाहन आदि भी उठाकर हमें सार्वजनिक अपमानित कर रहा है कुछ लोगों के बकायादार होने पर संपूर्ण गांव की विद्युत सप्लाई बंद कर रहा है जबकि किसानों से उनकी उपज गेहूं की खरीदी सरकार द्वारा आज दिनांक तक चालू नहीं की गई है। ऐसे में किसानों के पास विद्युत विभाग को बकाया जमा करने का पैसा कहां से आएगा। क्या हमने भाजपा को लोकसभा चुनाव में 29 के 29 सांसद जीत कर भेजा उसका नतीजा है। क्या हमने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई उसका नतीजा है आखिर भाजपा सरकार हम किसानों को इतना परेशान क्यों कर रही है हमें सरकार जुबानी जुमले से सच्चाई छुपा कर आखिर क्यों धोखा देती जा रही है। किसानों और उपस्थित पत्रकारों से चर्चा करते हुए किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार किसानों के गेहूं की खरीदी आविलंब चालू करें। सरकार अपने बिजली विभाग को निर्देशित कर किसानों से सख्त बकाया बिजली बिलों की वसूली स्थगित कर उनके वाहन आदि उठाकर अपमानित करना बंद करवाये। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने भाजपा सरकार से किसानों को उनके उपज गेहूं का समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल देने की बात कही और कहा कि जिन किसानों को सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण जमा नहीं करने की वजह से डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया है, उनको रेगुलर किया जाए। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि देश की मोदी सरकार ने अमेरिका से ट्रेड डील में किसानों के हक अधिकार और उनके भविष्य को गिरवे रख दिया है। अमेरिका से आने वाला सोयाबीन ऑयल को आयत टैक्स फ्री मोदी सरकार द्वारा किया गया है। जिससे देश के किसानों के सामने अपने सोयाबीन का सम्मान और भविष्य बचाने की स्थिति उत्पन्न हो गई। हम मांग करते हैं कि मोदी सरकार अमेरिका से ट्रेड डील अपने देश के किसानों के हित में निरस्त करें पत्रकारों से चर्चा करते हुए आगे कहा कि आष्टा मंडी में प्रशासन की नाक के नीचे किसानो को उनकी उपज बेचने में धोखा और छल किया जा रहा है। मंडी प्रशासन अपनी व्यवस्थाओं को सुधरे किसानों को नियमों के अनुसार सुविधा उपलब्ध करवाएं किसानों से व्यापारी हम्माली का कार्य ना करवाये मंडी में मिलने वाला किसानों को भजन व्यवस्था को मापदंड के अनुसार प्रदाय करना सुनिश्चित करवाये। किसानो की फसल व्यापारी सही तोले जैसी गंभीर मंडी व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए समय रहते तत्काल सुधार का आग्रह किया अन्यथा आष्टा मंडी में किसानों के साथ बड़े आंदोलन की शक्त लहजे में मंडी प्रशासन को चेतावनी दी।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जावर अरविंद सिंह ठाकुर, सेमली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्दीक़गंज राजाराम मालवीय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एड प्रहलाद सिंह वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बनप सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एजाजूरहमान, भैया एमपी, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, पूर्व जनपद सदस्य भीष्म सिंह ठाकुर, तेज सिंह जावरिया, शिवनारायण वर्मा, कांग्रेस नेता चेतन सिंह ठाकुर, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष पंकज मुकाती, गुडडू मैना, पूर्व मंडलम अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ठाकुर, सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, कांग्रेस नेता एच आर परमाल, कांग्रेस नेता मनोहर सिंह पंडित्या, रामचरण दवारिया, प्रदीप जाट, यूवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण जाट, सूरज सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, अर्जुन अजय, मुकेश मालवीय, अरविंद सिंह, सोभाल मालवीय, मान सिंह काजीखेड़ी, संतोष सिंधी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, शान्ति लाल मंडलोई, राजेन्द्र डेलमी, लाला भाई, हनीफ भाई, हरिओम धानुक, राम सिंह मालवीय, संतोष चौहान, बलवान चौहान, कमल सिंह सोलंकी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, गौरव सिसोदिया, लालजीराम मालवीय, संदीप ठाकुर, भोलू राम सिरोलिया, खालिद खाकी, सलीम भाई, कृपाल सिंह तोमर, कमल सिंह मेवाडा, अशोक मंडलोई, चेतन सिंह बालोदिया, लालजीराम मालवीय, प्रदीप जाट, ज्ञानसिंह चंपालाल, प्रवीण जाट, भारत वर्मा, महेश वर्मा, अशोक मंडलोई, गुड्डू मैना, सूरज सिंह पटेल, विनोद आदि सैकड़ों कांग्रेस नेता गण, पत्रकार गण व किसान गण उपस्थित रहे।

## आंबेडकर जयंती मनाने उत्सव समिति का गठन

**देवास।** महामानव भारतरत्न डॉ. बी.आर. आम्बेडकर की 135वीं जयंती उत्सव समारोह का आयोजन नूतन नगर स्थित डॉ. आम्बेडकर उद्यान में 14 अप्रैल को किया जायेगा। समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन स्टेशन रोड नूतन नगर स्थित रतनलाल कलेशरिया के निवास पर किया गया। बैठक में जयंती उत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रतनलाल कलेशरिया (पटवारी), कार्यवाहक अध्यक्ष बाजीराव पाटोले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकिशोर पोरवाल, उपाध्यक्ष रामलाल गंधावलिया, बाबूराव गोलाईत, राकेश शिंदे, महासचिव रघुनाथ मालवीय, कन्हैयालाल कुलथिया, उपमहासचिव रामचन्द्र रेकवाल, संचालक जयेश चौकीकर, कैलाशप्रिय कलेशरिया, दीपक बगानिया, कोषाध्यक्ष किशनलाल कलेशरिया आदि मौजूद थे।

# आज के समय में व्यक्ति को अपनी आत्मा के कल्याण का बोध नहीं, जिन्हें बोध है वे मुट्ठी भर लोग: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अनंत करुणा के महासागर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के शासनकाल में अनेक मुनि एवं शास्त्रकारों ने आगम के आधार पर भेंट कर धर्मग्रंथों की रचना की। इन्हीं में महर्षी ने वैराग्य शतक ग्रंथ कर इसका विशेष महत्व बताया है, जिसके श्लोकों के अध्ययन की परंपरा दीक्षा के बाद साधु-साध्वियों को अपनाने की सलाह भी आचार्य भगवंतो द्वारा दी जाती है। आज के समय में व्यक्ति को आत्म जागृति का बोध नहीं है। जिन्हें अपनी आत्मा का बोध है वह मुट्ठी भर लोग हैं। मालव गिरनार आष्टा तीर्थ स्थित श्री नेमिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर किला के सुधर्मास्वामी प्रवचन हाल में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्रीमद विजय राजतिलक सूरीश्वर जी महाराज के शिष्यरत्न आचार्य हर्षतिलक सूरीश्वर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ और उत्कृष्ट पुण्य का परिणाम है। इसे केवल भोग-विलास में व्यर्थ न गँवाकर आत्मकल्याण के मार्ग में लगाना चाहिए।

उन्होंने जीवों के आयुष और उनके अस्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंचेंद्रिय जीवों का आयुष काल अपेक्षाकृत अधिक होता है, जबकि निगोद जैसे सूक्ष्म जीवों का जीवन अत्यंत अल्पकालिक होता है। एक श्वास के भीतर ही उनके कई बार जन्म और मृत्यु हो जाते हैं। ऐसे उदाहरणों के माध्यम से आचार्यश्री ने मानव जीवन की महत्ता समझाते हुए कहा कि इस अवस्था तक पहुँचना अत्यंत कठिन है, इसलिए इसे सार्थक बनाना आवश्यक है।

आचार्यश्री ने आत्मजागृति पर बल देते हुए कहा कि केवल आँखों से जागना वास्तविक जागरण नहीं है, बल्कि अंतर्मन से जागना ही सच्चा जागरण है। जब तक आत्मा का बोध नहीं होता, तब तक मनुष्य का जीवन अधूरा रहता है। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग परलोक और आत्मा के चिंतन से दूर हैं, जबकि यही चिंतन जीवन को सही दिशा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वयं यह विचार करना चाहिए कि वह जागृत अवस्था में है या अज्ञान में सोया हुआ है। जीवन समाप्त होने के बाद आत्मा किस गति में जाएगी, इसका निर्धारण वर्तमान कर्मों से ही होता है। इसलिए व्यक्ति को अपने कर्मों के प्रति सजग रहना चाहिए।

आचार्य हर्षतिलक सूरीश्वर महाराज ने वर्तमान जीवनशैली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का मनुष्य उन वस्तुओं को पाने के लिए दिन-रात परिश्रम कर रहा है,जो वास्तव में आवश्यक नहीं हैं, जबकि आत्मकल्याण के लिए आवश्यक साधना के लिए उसके पास समय नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रकृति का नियम है जिसमें व्यक्ति की रुचि होती है, उसी दिशा में उसकी आगे की उत्पत्ति होती है।

उन्होंने विशेष तिथियों—दूज, पंचमी, ग्यारस, चतुर्दशी, पूर्णिमा एवं अमावस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इन दिनों विशेष आराधना, व्रत एवं संयम का पालन प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। जमीकंद एवं अभक्ष्य पदार्थों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि इन्हीं तिथियों में आगामी आयुष का बंध होता है। अंत में आचार्यश्री ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार ही भविष्य का निर्माण करता है। पाप रूपी रोग से मुक्ति पाने के लिए प्रभु वाणी के अनुसार आचरण करना आवश्यक है। तभी जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सकता है।

# महाराष्ट्र से मंगल विहार कर आष्टा पहुंचे साध्वी मंडल का हुआ नगर में प्रवेश, किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महाराष्ट्र प्रान्त में कई चातुर्मास करने के बाद अब महाराष्ट्र से गुजरात स्तिथ जैन तीर्थ पालीताना की ओर साध्वी मंडल के बढ़ते चरण आज धर्म नगरी आष्टा पहुचे। नगर की पवित्र पावनी पार्वती नदी पुल से पूज्य साध्वी सूर्य ज्योति श्री महाराज साहब, परम पूज्य साध्वी शासन ज्योति श्रीजी महाराज साहब आदि पांच ठाणा का भव्य आष्टा नगर प्रवेश हुआ । साध्वी मंडल के नगर प्रवेश से नगर धर्ममय नजर तो आया लेकिन अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय यह था कि दीक्षा के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत, हमारे नगर की लाडली बेटी, जिसने संयम ग्रहण कर सुरणा परिवार को गौरवांवित किया ऐसी परम पूज्य साध्वी सूर्य ज्योति श्री महाराज साहब एवं परम पूज्य साध्वी शासन ज्योति श्रीजी महाराज साहब आदि पांच ठाणा का प्रथम नगर आगमन हुआ । मंगल प्रवेश का जुलूस सुराणा निवास पहुचा जहाँ मंगल प्रवचन आदि सम्पन्न हुए । पूज्य साध्वी मंडल के दर्शन करने एवं पूज्यश्री का आशीर्वाद लेने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सुराणा निवास पहुचे ओर साध्वी मंडल के दर्शन कर मंगल आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा, कमल सुराणा, प्रबल सुराणा राजकुमार साहू,जितेन्द्र साहू ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया । इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,नागिनचंद्र जैन, सुशील संचेती, रूपेश राठौर,दिनेश सोनी,प्रदीप धाड़ीवाल,सुमित मेहता,प्रभात धाड़ीवाल,सौरभ जैन आदि भी साथ थे । सभी ने वंदन कर पूज्य साध्वी जी महाराज साहब का आशीर्वाद लिया ।

# नरवाई जलाने वाले किसानों पर लगातार कार्रवाई जारी, ग्राम देवली के किसान पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी निषेधात्मक निर्देशों का उल्लंघन करते हुए खेतों में गेहूँ की नरवाई (पराली) जलाने वालों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि जिले में नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है, यदि कोई किसान (नरवाई) पराली जलाते पाया गया तो उसे पर 2500 से 15000 रुपए तक का अर्थ दंड एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती के तहत 01 अप्रैल को कार्यवाही की गई है। विकासखंड टोंकखुर्द के ग्राम देवली में खेत में नरवाई जलाते पाए जाने पर संबंधित किसान के विरुद्ध थाना टोंकखुर्द में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, कृषि एवं राजस्व दल द्वारा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम देवली रकबा 0.20 हेक्टेयर पर खेत में नरवाई जलाई जाना पाया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि अखिलेश पिता सजन सिंह खाती के नाम दर्ज है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी निषेधात्मक आदेशों और एनजीटी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर, कृषि विस्तार अधिकारी टोंक खुर्द के प्रतिवेदन पर पुलिस थाना टोंकखुर्द ने अखिलेश पिता सजन सिंह खाती निवासी देवली के विरुद्ध धारा 223(a) भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। जिला प्रशासन ने बताया कि फसलों के अवशेष जलाना पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

### स्वच्छता के नायकों का सम्मान, नगर निगम ने किया गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन

# सभी ने शहर को स्वच्छता में नंबर वन लाने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा शहर में संचालित स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 'स्वच्छता चैम्पियन', स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर तथा वार्ड रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दरोगा व सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

निगम सभागार में हुए इस कार्यक्रम में शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान देने वाले सभी कर्मठ व्यक्तियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजा अकोदिया, महेश फुलेरी, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया एवं जाकिर जाफरी की उपस्थिति में स्वच्छता चैम्पियनों को सम्मानित किया।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि इन सभी के सहयोग से शहर पूर्व में भी स्वच्छता में नंबर वन रहा है और आगामी सर्वेक्षण में भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए हर स्कूल में साप्ताहिक स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि स्वच्छता की सीख हमें बचपन से दी जाती है और इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता चैम्पियनों ने समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि शहर निरंतर स्वच्छ बना रहे। स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस ने स्वच्छता चैम्पियनों को शहर की "रीढ़" बताते हुए कहा कि स्कूलों में जनजागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया जाएगा।

#### सम्मानित प्रतिभागी एवं वार्ड रैंकिंग

स्वच्छता चैम्पियन के रूप में नयन कानूनगो, दिनेश उपाध्याय, डॉ. लीना दुबे, निशा यादव, जितेंद्र गोस्वामी, शकील कादरी, अश्विन तंवर, दीक्षा माहेश्वरी, पूजा चौहान एवं जावेद पठान को सम्मानित किया गया। वहीं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में सैयद मकसूद अली, महेश सोनी और अमित राव पवार को सम्मान मिला।

स्वच्छ वार्ड रैंकिंग में जनवरी माह में वार्ड 26 प्रथम, वार्ड 10 द्वितीय और वार्ड 04 तृतीय स्थान पर रहे, जबकि फरवरी माह में वार्ड 23 प्रथम, वार्ड 25 द्वितीय एवं वार्ड 09 तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए बधाई दी। संचालन विशाल जोशी एवं अरुण तोमर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया ने किया।

# हल्दी-कुंकू कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महाराष्ट्र समाज, देवास में चैत्र गौरी के पावन अवसर पर महिला मंडल द्वारा पारंपरिक हल्दी-कुंकू कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 300 महाराष्ट्रीयन महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ चैत्र गौरी पूजन से हुई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर मराठी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। पूरे आयोजन स्थल पर पारंपरिक गीतों, आपसी संवाद और उल्लास का वातावरण बना रहा। महिला मंडल प्रभारी दिव्या गोटी ने बताया कि आयोजन सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम हैं।